# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर



## राज्य स्तरीय महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा–2022

क्रमांक : परीक्षा–I/सैल–7/म.गा.स.वि.परीक्षा/2022/ दिनांक : .....................

1. माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट–घोषणा के अनुसार विद्यार्थियों में गाँधी जी के विचारों एवं मूल्यों के प्रसार हेतु राज्य सरकार के निर्देशानुसार **''सर्वोदय विचार परीक्षा–2022'' आयोजित की जानी है।**
2. परीक्षा के आयोजन हेतु नोडल एजेन्सी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर, राजस्थान होगा। परीक्षा हेतु सैद्धान्तिक परामर्शदात्री संस्था राजस्थान राज्य गाँधी स्मारक निधि है।
3. परीक्षा के लिए तीन ग्रुप होंगे। ग्रुप–1 में कक्षा 6–8 ग्रुप–2 में कक्षा 9–12 तक तथा ग्रुप–3 में महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग लेंगे।
   (1) ग्रुप–1 के लिए परीक्षा प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न बहुवैकल्पिक जिन्हें 90 मिनट में हल करना होगा।
   (2) ग्रुप–2 व 3 के लिए परीक्षा प्रश्न–पत्र में 100 बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे जिन्हें 90 मिनट में हल करना होगा।
4. महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा दिनांक 12 अक्टूबर, 2022 को अपरान्हः 02.00 बजे से 03.30 बजे तक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा सभी जिलों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।
5. परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन बोर्ड की वेबसाइट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर संबंधित विद्यालय UDISE Code व महाविद्यालय अपने **AISHE CODE** का व **AISHE** में रजिस्ट्रर्ड ई–मेल/मोबाईल पर भेजे गये पासवर्ड का उपयोग कर दिनांक 25.08.2022 से 10.09.2022 (रात्रि 12:00 बजे) तक कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन करने हेतु आवेदन पत्र का नमूना तथा दिशा–निर्देश बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।
6. इस परीक्षा का पाठ्यक्रम गॉधीजी के जीवनवृत, उनके आदर्श एवं समर्पण से संबंधित पुस्तको से रहेगा विस्तृत जानकारी एवं पाठ्यक्रम बोर्ड की बेवसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जारी किया जायेगा।
7. उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त छात्र/छात्राओं में से वरीयता प्राप्त छात्र/छात्राओं (विद्यालय स्तर ग्रुप 1 व 2 एवं महाविद्यालय स्तर ग्रुप 3 पर पृथक–पृथक) को राज्य स्तर और जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा। जिसकी सूची ऑनलाईन प्रसारित की जायेगी। पुरस्कारों की घोषणा पृथक से की जायेगी।
8. उक्त परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन **निःशुल्क** रहेगा।
9. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु आई.डी एवं पासवर्ड सम्बन्धी जानकारी I.T. & C शाखा के फोन नं. 0145–2632865 से प्राप्त की जा सकती है अथवा **bser.sarvodaya@gmail.com** पर अपना विद्यालय/AISHE CODE के साथ ई–मेल करें।
10. परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी हेतु बोर्ड कन्ट्रोल रूम नम्बर 0145–2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क करें।

**सचिव**